श्री अरविन्द शर्मा,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

पिता का नाम	-	श्री राज कुमार शर्मा
जन्म तिथि	-	5 जनवरी, 1965
जन्म स्थान	-	दिल्ली
वैवाहिक स्थिति	-	विवाहित
पत्नी	-	श्रीमती मीनाक्षी शर्मा
संतान	-	1 पुत्र
शैक्षणिक योग्यता	-	बी.एस.सी., एल. एल. बी. (दिल्ली विश्वविद्यालय) एम.ए.(लोक प्रशासन) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
अभिरुचि	-	लॉन टेनिस, क्रिकेट, हिन्दी फिल्में देखना
स्थायी पता	-	ए-702, नीलांचल अपार्टमेंट, सेक्टर 4, द्वारका, नई दिल्ली
स्थानीय पता	-	ए-805, रेवेरा हाईट्स, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष (0755) 2440212, 2440206 (कार्या.) ई. पी. बी. एक्स नं. (0755) 2523011, 2523006 फैक्स (0755) 2440208 मोबाइल-8383931071, 9968073170
ई-मेल	-	arvindsharma050@yahoo.com arvind.sharma@mpvidhansabha.nic.in

<u>वृत्तिगत विकास क्रम</u> -

अप्रैल 1989 में संसद के लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली से शासकीय सेवा का प्रारंभ. लोक सभा ग्रुप 'ए' सेवा में अवर सचिव, उप सचिव, अतिरिक्त निदेशक, निदेशक एवं संयुक्त सचिव के पद पर 26 वर्षों का कार्यानुभव तथा विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन. लोक सभा सचिवालय में विभिन्न शाखाओं में कार्यरत रहते हुए सरकारी विधेयकों की जांच, सम्मेलन और शिष्टाचार से संबंधित कार्य, संपदा और विरासत प्रबंधन, विधायी कार्यों, संसदीय प्रश्न, वित्तीय एवं स्थायी समितियों, संसद भवन की सुरक्षा आदि के कार्यों का 36 वर्षीय दीर्घकालीन अनुभव.

संपदा और विरासत प्रभारी के रूप में संसद भवन परिसर में नवीनीकरण, विकास और रखरखाव के कार्यों का पर्यवेक्षण. नये संसद भवन के निर्माण से संबंधित सभी कार्य एवं स्वीकृतियां. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय सीपीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी, टाटा प्रोजेक्ट्स, एचसीपी डिजाइन लिमिटेड, आईटीडीसी, सुरक्षा एजेंसियों जैसी अनेक एजेंसियों के साथ पर्यवेक्षण और समन्वय. विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के साथ माननीय अध्यक्ष की कॉल-ऑन बैठकों से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का सुनिश्चितीकरण. युवा संसद कार्यक्रम, विशेष सत्र, राष्ट्रीय नेताओं की जयंती पर पुष्पांजलीय और संविधान सदन में आउटरीच (जहां विभिन्न संस्थाओं के छात्रों को आमंत्रित किया जाता है) इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का सुनिश्चितीकरण. प्रश्न के मुख्य परीक्षकों में से एक के रूप में संसदीय प्रश्नों, आधे

घंटे की चर्चा आदि की स्वीकार्यता संबंधी कार्य, जिसमें सरकार की नीतियों, प्रमुख योजनाओं, संबंधित मंत्रालयों/विभागों की वार्षिक प्रतिवेदनों आदि के गहन अध्ययन की आवश्यकता रहती है. प्रस्तुत विधेयकों और उनमें संशोधन की जांच, सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गये संशोधनों की जांच, संकल्पों की स्वीकार्यता, स्थगन प्रस्ताव, विधेयकों को पारित किए जाने संबंधी कार्यों का निर्वहन. सम्मेलन और शिष्टाचार अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों जैसे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ और अंतर-संसदीय संघ सम्मेलन नई दिल्ली और विदेशों में आयोजित कार्यों का निर्वहन. अक्टूबर, 2023 में नई दिल्ली में आयोजित पी-20 अध्यक्षीय सम्मेलन से संबंधित कार्यों में सक्रिय भूमिका.

यशोभूमि और संसद भवन परिसर में आयोजित सम्मेलन के लिए सभी लॉजिस्टिक समर्थन का सुनिश्चितकरण विभिन्न समितियों पर रहते हुए समितियों की रिपोर्ट का प्रारूप तैयार कर संसद में प्रस्तुत करने हेतु समस्त प्रशासनिक कार्य, विभिन्न संसदीय समितियों के सभी कार्य जैसे- नोटिंग और प्रारूपण, दौरों के दौरान विभिन्न संसदीय समितियों की जिम्मेदारी संभालते हुये अध्ययन समूहों के साथ रहते हुए देश के सभी भागों का दौरा किया. विभिन्न संसदीय समितियों और अनुभागों से संबंधित डेटा बेस का डिजीटलीकरण, कम्प्यूटरीकरण और अद्यतनीकरण के कार्यों का सुनिश्चितीकरण. वर्ष 2022 में उप राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित कार्य. संसदीय अभ्यास और प्रक्रिया से अच्छी तरह वाकिफ होने के नाते संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान फॉर डेमोक्रेसी (प्राइड) भूतपूर्व बीपीएसटी लोक सभा सचिवालय के नियमित संकाय सदस्य. फरवरी 2022 में संसदीय / विधायी निकाय-अभ्यास और प्रक्रिया पर आयोजित कार्यशाला में पंजाब विधान सभा के नवनिर्वाचित विधायकों को संकाय के रूप में संबोधन.

विदेश यात्रा -

अमेरिका (न्यूयार्क, वाशिंगटन डीसी, मियामी), यूनाईटेड किंगडम, बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया (कैनबरा, सिडनी, मेलबोर्न) का दौरा. वर्ष 2024 में राष्ट्रकुल देशों के सम्मेलन (SOCATT) में मध्यप्रदेश विधान सभा के सचिव पद पर रहते हुए सिडनी, ऑस्ट्रेलिया एवं प्रमुख सचिव के पद पर वर्ष 2025 में ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित बैठक में भाग लिया.

प्रशिक्षण -

संसदीय अध्ययन और प्रशिक्षण ब्यूरो (बीपीएसटी) लोक सभा सचिवालय द्वारा वर्ष 2004-05 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षुओं के साथ 45 दिवसीय विधायी प्रारूपण पाठयक्रम, लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अक्टूबर 2012 में राष्ट्रीय प्रशासनिक अनुसंधान संस्थान मसूरी तथा जनवरी 2014 में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, नागपुर में प्रबंधन विकास कार्यक्रम, सितम्बर 2017 में हाउस ऑफ कॉमन्स वेस्टमिंस्टर लंदन युनाईटेड किंगडम में 5 दिवसीय तथा अक्टूबर 2018 में आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस पंचगनी महाराष्ट्र द्वारा सार्वजनिक प्रशासन में 5 दिवसीय नैतिकता पर प्रशिक्षण प्राप्त किया.

मध्यप्रदेश विधान सभा भोपाल में मार्च 2024 से सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति में सेवाएं तथा दिनांक 19 जनवरी 2025 को संविलियन. दिनांक 1 अक्टूबर 2025 से प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत्.